**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 02.09.2020**

- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा अमृत योजना के अन्तर्गत नगर मे पेयजल की व्यवस्था हेतु उ0प्र0 निर्माण खण्ड द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य का किया गया निरीक्षण।**

- **नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 02.9.2020 को नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत चला विशेष सफाई अभियान। कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ साफ–सफाई एवं कूड़े निस्तारण का चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान।**

1– नगर आयुक्त महोदय द्वारा अमृत योजना के अन्तर्गत नगर मे पेयजल की व्यवस्था हेतु उ0प्र0 निर्माण खण्ड द्वारा मो0 आवास विकास कालोनी में कल्लू मियॉ की मजार के पास, गर्रा पुल के पास एवं मो0 किला में नार्वल स्कूल के पास पानी की टंकी के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय ने महाप्रबन्धक (जल) को पर्यवेक्षण कार्य को नियमित रूप से करे एवं अधिशासी अभियन्ता (जल निगम) को निर्देशित किया कि पानी टंकी के निर्माण कार्य को तत्काल पूर्ण कराया जाये,जिससे नगर में जलापूर्ति सुचारू रूप से की जा सके। निरीक्षण के दौरान, महाप्रबन्धक (जल) अधिशासी अभियन्ता (जल निगम) सहायक अभियन्ता (जल) अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

2– नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान आज दिनांक 02.09.2020 को नगर के विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। है। जिसमें नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी गयी। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य फत्तेपुर, खिरनीबाग,नवोदय विद्यालय, कचहरी, मंत्री जी वाली गली,सुभाष नगर,इन्द्रानगर, बृज बिहार कालोनी, तारीन बहादुरगंज ,पावर हाउस, बी0एस0 पब्लिक, पॉलिटेक्निक कालेज,चार खम्बा,किला रैन बसेरा, चिनौर, रामनगर,गदियाना, सैनिक कालोनी, रेयान स्कूल, रेती, दलेलगंज, तारीन गाड़ीपुरा पब्लिक, महमंद जलालनगर स्कूल, अहमदपुर, रेती, तिलहरजई, मोहम्मदजई, गौहरपुरा, बाबूजई, कच्चा कटरा, चौभुर्जी, चमकनी, बहादुरगंज, आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्म्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया।

Generated by CamScanner

नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु ,शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सुनिश्चित करें । इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 02.09.2020 को **निसरजई मामूड़ी,बिजलीपुरा, बाला तिराही,अहमदपुर नियाजपुर** में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 02.09.2020 को अभियान के जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनता से अपील की है कि नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करे, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि खाली प्लाटो पड़े पर कूड़े को साफ करा जाये एवं जल भराव स्थानो को साफ कराया गया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर
2/9/2020

Generated by CamScanner